i) Dr. B.P. Mahapatra, Deputy Registrar General (Language) in the Office of the Registrar General, India, participated in the conference on "Standardization of Diacritics for Computerization" organised by the National Library, Calcutta during May 9-10, 1989. He also attended a workshop on "Translation" and "Non-formal Education" organised by the National Council of Education Research and Training, New Delhi during June 12-16, 1989.

ii) Dr. B.K. Roy, Deputy Registrar General (Map) in the Office of the Registrar General, India, chaired a session on "Metropolitan Cities" in the National Seminar on Patterns of urban change in India held at Banaras Hindu University in April 1989. He also presented a paper on "Urban Corridors : an issue to national urbanization" at that Seminar.

Miscellaneous

i) S/Shri K.S. Thakur and Shyam Deo, Research Officer (Map) in the Directorates of Census Operations, Maharashtra and Andhra Pradesh respectively were imparted training at Glasgo University, U.K. during January-April, 1989 under the Indo-British Technical Co-operation Programme.

ii) Shri Harbhajan Singh, Deputy Director of Census Operations, Nagaland, attended a training course in Social Statistics at Southampton University, U.K. during January-May, 1989.

Contd...14/-

V. PROGRESSIVE USE OF HINDI

All possible efforts are being made to encourage the progressive use of Hindi in the Office of the Registrar General, India and also in the Directorates of Census Operations. In this regard, meetings of the Departmental Official Language Implementation Committee were organised in respect of the Directorates of Census Operations, Sikkim, West Bengal, Goa, Daman & Diu and Delhi during the period under report. Besides, a meeting of the Patrika Samiti was held at Nainital during May 18-20, 1989 under the Chairmanship of Joint Registrar General India. At this meeting, the Editorial Committee was constituted with a view to bringing out Occasional Paper in Hindi connected with the activities of the Census Operation. The composition of that Committee is as under :-

1.	Deputy Director (OL) Office of the Registrar General, India	Convenor
2.	Director of Census Operations, Uttar Pradesh	Member
3.	Deputy Director of Census Operations, Delhi.	Member

Inspections regarding progressive use of Hindi were carried out in respect of Directorates of Census Operations, Haryana, Madhya Pradesh, Rajasthan, Uttar Pradesh, West Bengal, Chandigarh and A&N Islands during the period under review.

Seven Officials from the Office of the Registrar General, India, were given cash awards for doing noting, drafting and other official business in Hindi during the year 1988-89.

Contd...15/-

VI. APPOINTMENTS, TRANSFERS ETC.

Office of the Registrar General, India

1. Shri V.S. Verma relinquished the charge of the post of Registrar General, India on May 31, 1989. Dr. S.S. Srivastava, Joint Registrar General (VS) is currently looking after the charge of the post of Registrar General, India.

2. Consequent upon attaining the age of superannuation, Shri S.S. Bahri, Assistant Director of Census Operations (Technical) retired from Government service on April 30, 1989.

Directorates of Census Operations

Kerala

1. Shri N.M. Samuel, an officer belonging to the Kerala Cadre of Indian Administrative Service, was appointed as Director of Census Operations, Kerala.

Manipur

2. Shri R.C. Kathuria, Assistant Director of Census Operations (Technical) in the Office of the Registrar General, India, was promoted to the post of Deputy Director of Census Operations and posted in the Directorate of Census Operations, Manipur.

Offices of the Chief Registrars

Goa

1. Shri G.V. Kamat took over the charge of the post of Director of Planning, Statistics and Evaluation and Chief Registrar of Births & Deaths, Goa, vice Shri J.N. Agrawal.

Contd...16/-

Gujarat

2. Smt. Nethra Shenoy took over the charge of the post of the Commissioner of Health, Medical Services & Medical Education and Chief Registrar of Births and Deaths, Gujarat, in place of Shri Vijay Ranchan.

VIII PUBLICATIONS

A. Office of the Registrar General, India

- Registrar General's Report on the working of the RBD Act, 1969 for the year 1987.
- Handbook on Civil Registration (Second Edition)
  Price : Inland - Rs. 10.00,
  Foreign Foreign - £ 1.17 or $ 3.6
- Report on 'Vital Statistics of India' for the year 1984.
- Census Atlases of 1981 in respect of States/UTs of Meghalaya, Rajasthan and Goa Daman & Diu, have been printed. Similar Volumes for Arunachal Pradesh, Manipur, Nagaland, Orissa, Punjab, Tripura, Uttar Pradesh, A&N Islands and Lakshadweep, are under print.
- Under the Regional Divisions of India to Study and Evaluate Census Data - A Cartographic analysis, Stat/UT Volumes in respect of Bihar, Gujarat, Kerala, Karnataka, Nagaland and Goa, Daman & Diu, have also been printed. Similar Volumes for Andhra Pradesh, Arunachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Orissa, Uttar Pradesh and West Bengal, are under print.
- Occassional paper No. 3 of 1988 - Negative Aspects of Urbanisation - A study on the Civic and other Amenities available in Notified slums of Class I & II Towns', Census of India, 1981.

Contd...17/-

B. Directorates of Census Operations

Andhra Pradesh

- Part X-A - State level Town Directory.

Assam

- Series 3 - Part X-D - Handicraft Survey Report on Endi Silk Industries (1981 Census).

Bihar

- Series 4 - Part X-C - Survey Report on Village Meromdega (1971 Census).
- Series 4 - Part X-C - Survey Report on Village Jamkanali (1981 Census).

Karnataka

- Series 9 - Part X-C - Survey Report on Village Aralamallige (1981 Census).

Maharashtra

Part IX (ii) - Special Tables on Scheduled Castes.

Manipur

- Series 13 - Part X-C - Survey Report on village Ithing (1981 Census).

Mizoram

- Series 15 - Part X-D - Handicraft Survey Report on Bamboo & Cane work (1981 Census).

Nagaland

- Part X-B - Town Survey Report on Dimapur (under print).

Orissa

- Series 17 - Part X-D - Handicraft Survey Report on Tie and Dye (1981 census).

Contd...18/-

West Bengal

- Part IX (i) - Special Tables for Scheduled Castes.
- Part II - Primary Census Abstract.

Chandigarh

- A Portrait of Population.
- Report on village study of Kaimbwala (under print).

C. States/UTs

Assam

- Report on the working of the Registration of Births and Deaths Act, 1969, for the year 1987.

Jammu & Kashmir

- Part XIII A&B - District Census Handbook of districts of Jammu, Ladakh(Leh) and Rajauri.

Manipur

- Report on the working of the Registration of Births and Deaths Act, 1969, for the year 1988.

Rajasthan

- Report on the working of the Registration of Births and Deaths Act, 1969, for the year 1987.

Uttar Pradesh

- Part XIII A - District Census Handbook of district of Pratapgarh.

West Bengal

- Part XIII A - District Census Handbook of district of Twenty Four Parganas.

Delhi

- Report on the working of the Registration of Births and Deaths Act, 1969, for the year 1986.

OFFICERS AND STAFF ASSOCIATED WITH THIS PUBLICATION

S.S. SRIVASTAVA
Officiating Registrar General, India

O.P. VIG
Deputy Registrar General.

M.K. AHUJA
Deputy Director of Census Operations

T.C. VANJANI
Assistant Director of Census Operations

STAFF

Smt. S.P. Badhwar,
Statistical Assistant.


Smt. S. Mittal.
Computor.

Reprography by :

Kum. Taruna Dhawan,
Assistant Compiler.

600 Copies —1989


Sunlight Printers, 2265, Dr. Sen Marg, Delhi-6 Ph. 233363



महारजिस्ट्रार की पत्रिका

Registrar General's News Letter

भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय
OFFICE OF THE REGISTRAR GENERAL, INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
भारत सरकार



भारत के महारजिस्ट्रार की पत्रिका

REGISTRAR GENERAL'S NEWSLETTER

अप्रैल एवम् जुलाई - 1990		APRIL & JULY - 1990	
खण्ड	- 21	VOLUME	- XXI
संख्या	- 2 एवम् 3	NUMBER	- 2 & 3

भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय

OFFICE OF THE REGISTRAR GENERAL, INDIA

जीवनांक प्रभाग

VITAL STATISTICS DIVISION

पश्चिमी खण्ड 1, रामाकृष्णापुरम्,

WEST BLOCK 1, RAMAKRISHNA PURAM,

नई दिल्ली - 110066

NEW DELHI - 110066

पाठकों के लिये

भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय की यह तिमाही पत्रिका प्रति वर्ष जनवरी, अप्रैल, जुलाई तथा अक्तूबर में प्रकाशित की जाती है ।

विश्लेषणात्मक टिप्पणियों में अभिव्यक्त विचार लेखकों के ही हैं । यह आवश्यक नहीं है कि वे भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय या भारत सरकार के हों ।

किसी भी प्रकार की पूछताछ और सुझाव निम्न पते पर भेजे जा सकते हैं ।

संयुक्त महारजिस्ट्रार, भारत
भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय,
जीवनांक प्रभाग, गृह मंत्रालय,
पश्चिमी खण्ड-1, रामकृष्णपुरम,
नई दिल्ली-110066 (भारत)

विषय सूची

महारजिस्ट्रार की ओर से

1991 की जनगणना का पहला चरण अर्थात् मकानसूचीकरण का कार्य असम, बिहार, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैण्ड, उड़ीसा, अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह, चण्डीगढ़, लक्षद्वीप और मिजोरम में अप्रैल, 1990 में आरम्भ किया गया था। इस कार्य को पूरे देश में सितम्बर, 1990 तक चरणबद्ध ढंग से पूरा कर लिया जाएगा जिसके लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया गया है।

जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रारों का प्रथम क्षेत्रीय सम्मेलन 24-25 अप्रैल, 1990 को हैदराबाद में आयोजित किया गया।

मृत्यु के कारण का सर्वेक्षण(ग्रामीण) की वर्ष 1988 की रिपोर्ट प्रकाशित कर दी गई है। इस रिपोर्ट में सम्मिलित निष्कर्ष परा-चिकित्सा कार्मिकों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्यालय ग्रामों में "ले डायग्नोसिस रिपोर्टिंग" पद्धति का प्रयोग करके निरन्तर किए जा रहे सर्वेक्षण पर आधारित हैं।

सैम्पल रजिस्ट्रीकरण योजना के आधार पर मुख्य राज्यों के 1981-85 के लिए जन्म की सम्भावना के आंकड़े निकाले गए हैं। इस अध्ययन के परिणाम एक अलग प्रकाशन में प्रकाशित किए गए हैं।

नई दिल्ली
दिनांक : 1 अक्टूबर, 1990

1. भारत की जनगणना

1991 की जनगणना की समय सारणी को अन्तिम रूप दे दिया गया है। समय योजना के अनुसार, दुर्गम क्षेत्रों को छोड़कर जिनकी गणना के लिए अलग-अलग तारीखें नियत की गई हैं, सारे देश में गणना अवधि 9 से 28 फरवरी, 1991 नियत की गई है। संदर्भ काल 1 मार्च, 1991 का सूर्योदय होगा।

1991 की जनगणना के प्रथम चरण अर्थात् मकानसूचीकरण के लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। 1991 की मुख्य जनगणना की तैयारियां भी की जा रही हैं। व्यक्तिगत पर्चों और परिवार अनुसूची भरने के लिए प्रगणकों के लिए अनुदेशों को अन्तिम रूप देकर मुद्रण के लिए भेज दिया गया है। 1991 की जनगणना के तकनीकी मामलों से सम्बन्धित सलाहकार समिति की बैठक 23 फरवरी, 1990 को आयोजित की गई। भारत के महारजिस्ट्रार ने सलाहकार समिति के परामर्श से मकानसूची और व्यक्तिगत पर्चों के आंकड़ों के संसाधन के लिए अपनाए जाने वाले सैम्पल डिजायन को अन्तिम रूप दे दिया है।

1991 की जनगणना में एकत्रित किए जाने वाले आंकड़ों के वर्गीकरण और सारणीकरण के लिए तैयार की गई सारणीकरण योजना को अन्तिम रूप देने के लिए 2-3 मार्च, 1990 को आंकड़े प्रयोक्ताओं का द्वितीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

भारत के महारजिस्ट्रार ने विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में मकानसूची कार्य के लिए किए गए प्रबन्धों की समीक्षा करने के लिए 5-8 फरवरी, 1990 को जनगणना कार्य निदेशकों का दूसरा सम्मेलन बुलाया। इस सम्मेलन में 1991 की मुख्य गणना में जनगणना अनुसूचियों को भरने के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों को जारी किए जाने वाले अनुदेशों से जनगणना कार्य निदेशकों को अवगत कराया गया।

भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय ने जनता में जागरूकता पैदा करने और मकानसूचीकरण तथा साथ ही 1991 की मुख्य गणना के लिए उचित वातावरण बनाने के उद्देश्य से प्रचार के बहुत से साधन आरम्भ किए है। आवश्यक प्रचार के लिए भारत के संयुक्त महारजिस्ट्रार की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। इस समिति में श्रव्य और दृश्य प्रचार निदेशालय, प्रेस सूचना ब्यूरो, आकाशवाणी,

दूरदर्शन और क्षेत्र प्रचार निदेशालय, महिला और बाल विकास विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल है । समाचार पत्रों में विज्ञापन, [illegible] स्पाटों, क्विकीज़ और रेडियों स्पाटों के माध्यम से प्रचार करने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया गया है । मकानसूचीकरण के सम्बन्ध में सारे देश में क्षेत्रीय प्रचार [illegible] के माध्यम से प्रचार फोल्डर वितरित करने के प्रबन्ध किए गए है । इसके अलावा उप महारजिस्ट्रार (जनगणना और सारणीकरण) ने 30 मार्च, 1990 को आकाशवाणी पर एक भेंट वार्ता भी दी ।

सारे देश के लिए मकानसूचीकरण के कार्यक्रम को अन्तिम रूप दे दिया गया है । मकानसूचीकरण का कार्य निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार किया जाएगा :-

अप्रैल-मई, 1990	असम, बिहार, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैण्ड और उड़ीसा और संघ राज्यक्षेत्र अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह, चण्डीगढ़, लक्षद्वीप और मिज़ोरम ।
मई-जून, 1990	सिक्किम, त्रिपुरा और संघ राज्यक्षेत्र दादर और नागर हवेली ।
जून-जुलाई, 1990	आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और संघ राज्यक्षेत्र दमन व दीव और पाण्डिचेरी ।
जुलाई-अगस्त, 1990	मणिपुर और तमिलनाडु ।
अगस्त-सितम्बर, 1990	पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, [illegible] और संघ राज्यक्षेत्र दिल्ली ।

विभिन्न राज्यों में समीक्षाधीन तिमाही में क्षेत्रीय कार्य की प्रगति निम्नानुसार सूचित की गई है :-

बिहार

चार्ज रजिस्टर तैयार करने और उनकी संवीक्षा करने का कार्य पूरा कर लिया गया है ।

....../-3

चार्ज अधिकारियों के स्तर तक जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति का कार्य पूरा हो गया है । प्रगणकों और सुपरवाइजरों की नियुक्ति करने का काम पूरा होने वाला है । सभी जिला जनगणना अधिकारियों को मकानसूचीकरण और आर्थिक जनगणना करने का प्रशिक्षण दे दिया गया है । राज्य में 82 उप मण्डलों में से 75 उप मण्डलों के जनगणना अधिकारियों को भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। समीक्षाधीन तिमाही में चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण का पहला दौर चल रहा था। इसके अलावा श्री आर०सी० अरोड़ा, भूमि सुधार आयुक्त, बिहार द्वारा मकानसूचीकरण और आर्थिक सर्वेक्षण करने के लिए जिला जनगणना अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया गया ।

गोवा

मकानसूचीकरण के लिए क्षेत्रीय कार्य 2 अप्रैल, 1990 से आरम्भ हुआ ।

केरल

1991 की जनगणना के प्रथम चरण अर्थात् मकानसूचीकरण के लिए जनगणना अधिकारियों के प्रशिक्षण का पहला चरण मार्च, 1990 में पूरा किया गया । केरल के राज्यपाल और मुख्य मंत्री ने क्रमशः 20 और 31 मार्च, 1990 को इस कार्य के बारे में दूरदर्शन पर जनता के नाम एक विशेष संदेश दिया । 1991 की जनगणना की विभिन्न मदों के बारे में जनता से तत्काल उत्तर देने का अनुरोध करना इन संदेशों का उद्देश्य था ।

नागालैण्ड

जनगणना कार्य निदेशालय, नागालैण्ड ने नागालैण्ड में मकानसूचीकरण कार्य के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दीं । निदेशालय ने 1991 की जनगणना के सम्बन्ध में 17 फरवरी, 1990 को जोनल काउंसिल हाल, कोहिमा में प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया । निदेशालय ने मकानसूचीकरण के लिए उपायुक्त के मुख्यालय में चार्ज अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी पूरा किया ।

निदेशालय ने मकानसूचीकरण के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों की नियुक्ति के कार्य को भी अन्तिम रूप दे दिया ।

..../-4

तमिलनाडु

तमिलनाडु सरकार द्वारा जिला, तालुका और म्युनिसिपल स्तर पर जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति अधिसूचित कर दी गई है ।

मकानसूचीकरण के बारे में जिला मुख्यालय में 15 जिलों के लिए जिला स्तर का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसमें भाग लेने वाले व्यक्तियों को निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया । जनगणना निदेशालय द्वारा जिला जनगणना पुस्तिकाएं तैयार करने के लिए सुसंगत जानकारी एकत्रित करने का कार्य भी आरम्भ किया गया । ग्राम और नगर निदेशिका के लिए सम्बन्धित एजेंसियों/विभागों से जानकारी प्राप्त होनी शुरू हो गई है ।

उत्तर प्रदेश

जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा 1991 की जनगणना के सम्बन्ध में जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए एक प्रचार अभियान आरम्भ किया गया । जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश के पूर्व निदेशक श्री चन्दन गोपाल ने 2.1.90 को लखनऊ दूरदर्शन पर एक भेंटवार्ता दी । लखनऊ दूरदर्शन से "घर की दुनिया" नामक कार्यक्रम के अन्तर्गत "1991 की जनगणना की तैयारियां और गृहणियों की भूमिका" विषय पर श्री आर0के0 सिंह, उप निदेशक जनगणना कार्य की एक वार्ता भी प्रसारित की गई ।

उत्तर प्रदेश के जिला और शहरी जनगणना अधिकारियों के लिए 19-21 फरवरी, 1990 के दौरान राज्य स्तर का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री आर0के0 भार्गव और भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त श्री अमूल्य रत्न नन्द ने भी इसमें भाग लेने वाले अधिकारियों को सम्बोधित किया ।

2. सैम्पल सर्वेक्षण और अध्ययन

(1) सैम्पल रजिस्ट्रीकरण योजना

सैम्पल रजिस्ट्रीकरण योजना के बारे में तकनीकी समिति की सिफारिशों पर जनवरी-जून, 1990 की अवधि के अर्ध वार्षिक सर्वेक्षण से क्षेत्र में भरने के लिए प्रभावी विवाह के समय आयु, पहले और वर्तमान जीवित जन्म के बीच अन्तराल और जीवित जन्म क्रम के बारे में अतिरिक्त मदें शामिल की गई हैं । तदनुसार फार्म 3, 9, 9क तथा 10 में समुचित संशोधन किए गए हैं और साथ ही एक नया फार्म 13 भी लागू किया गया है ।

से0र0यो0 में अतिरिक्त मदों को भरने के बारे में चण्डीगढ़, भुवनेश्वर, तिरुवनंतपुरम, पणजी और गुवाहाटी नामक 5 चुने गए क्षेत्रीय शहरों में ओरियन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किए गए । सैम्पल रजिस्ट्रीकरण योजना से सम्बन्धित कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया ।

(2) मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण (ग्रामीण)

भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय ने मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण (ग्रामीण) पर वर्ष 1988 के लिए वार्षिक रिपोर्ट जारी की है । जन्म-मृत्यु सांख्यिकी में सुधार लाने के लिए सम्मेलन में की गई सिफारिशों के अनुसरण में इस योजना को आरम्भ किया गया था और पहले इसे "आद.. रजिस्ट्रीकरण योजना" कहा जाता था । वर्ष 1982 में इसका नाम बदलकर "मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण(ग्रामीण)" कर दिया गया ।

ग्रामों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्यालय में यह सर्वेक्षण सतत सैम्पल के तौर पर किया जाता है । इसमें "सामान्य रोग निदान रिपोर्टिंग" तकनीक अपनाई जाती है और इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के पैरा-चिकित्सीय कार्मिकों को नियुक्त किया जाता है । इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा कार्मिकों की कमी और चिकित्सा प्रमाणीकरण सुविधाओं के न होने के कारण होने वाली मृत्यु के बारे में महत्वपूर्ण सांख्यिकी उपलब्ध कराना है ।

....../-6

1988 की रिपोर्ट से पिछले 5 वर्षों की अवधि में मृत्यु के कारणों का तुलनात्मक विवरण मिलता है । संकेत से पता चलता है कि मृत्यु के मुख्य कारण समूहों में "बुढ़ापा" और "खांसी" का क्रमश: प्रथम और द्वितीय स्थान है । मृत्यु के मुख्य कारण समूह में "बाल्यावस्था की विशिष्ट बीमारियां" 1984 में 11.0% थी, जो 1988 में घटकर 9.8% रह गई । रिपोर्ट में वर्ष 1988 को आयु समूहों के अनुसार चुनी गई बीमारियों से हुई मृत्युओं का विश्लेषण भी किया गया है ।

§3§ रजिस्ट्रीकरण कार्यकलाप

जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रारों के क्षेत्रीय सम्मेलन

जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रारों के क्षेत्रीय सम्मेलनों का तीसरा चरण इस श्रृंखला के पहले सम्मेलन की तरह 24-25 अप्रैल, 1990 के दौरान हैदराबाद में हुआ था । आन्ध्र प्रदेश के जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में दक्षिण क्षेत्र के राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के मुख्य रजिस्ट्रारों ने भाग लिया । साथ में कुछ अन्य राज्यों को भी इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया जिससे कि दक्षिण क्षेत्रों में सिविल रजिस्ट्रीकरण के वर्तमान तरीकों, समस्याओं और उनके समाधान आदि से उनको अवगत कराया जा सके । इसके अतिरिक्त विशिष्टताओं वाले नगर क्षेत्रों की सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया में विशिष्ट अनुभव रखने वाले बड़े निगमों के रजिस्ट्रारों ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया । ये निगम प्रतिनिधि हैदराबाद, विशाखापटनम, बंगलौर, मैसूर, कोचीन, त्रिवेन्द्रम, मद्रास, कोयम्बतुर, भोपाल, इन्दौर, बम्बई, पूणे, अमृतसर और लुधियाना शहरों के थे ।

राष्ट्रीय पोषाहार संस्थान, हैदराबाद द्वारा उपलब्ध कराए गए सम्मेलन कक्ष में इस सम्मेलन के भागार्थियों ने विचार विमर्श किया ।

जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार और निदेशक, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण आन्ध्र प्रदेश डा0 जी0वी0एस0 नागभूषण राव ने सम्मेलन की अध्यक्षता की । राष्ट्रीय पोषाहार संस्थान के निदेशक, डा0 एम0 मोहन राम ने स्वागत भाषण दिया जबकि भारत के

महारजिस्ट्रार के कार्यालय, नई दिल्ली में संयुक्त महारजिस्ट्रार (जीवनांक) डा० एस०एस० श्रीवास्तव ने उद्घाटन भाषण दिया ।

अपने अध्यक्षीय भाषण में डा० नागभूषण राव ने महसूस किया कि जन्म औ मृत्यु रजिस्ट्रीकरण केन्द्रीय अधिनियम 20 वर्ष पुराना होने के कारण सिविल रजिस्ट्र करण प्रणाली बहुत से कारणों के कारण कुशलता के वांछित स्तर को नहीं पा सकी है यद्यपि कई बार इस प्रणाली में सुधार के प्रयास किए गए परन्तु वित्तीय दबाव सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली में सुधार लाने में मुख्य बाधा हैं । डा० राव की राय में जब तक नपे-तुले बजट के आवंटन की प्रथा के स्थान पर इस प्रणाली को सही रूप से चलाने के लिए उदार निधि उपलब्ध कराने पर विचार नहीं किया जाता तब तक इस प्रणाली में सुधार लाना कठिन है ।

डा० एम० मोहन राम ने सम्मेलन में भाग लेने वालों का स्वागत करते हुए यह मत व्यक्त किया कि सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली द्वारा दिए गए आंकड़े क्षेत्रों के समुदाय के स्वास्थ्य स्तर के निर्धारण में एक महत्वपूर्ण संकेत देते हैं जिससे कि आहारविदों को पोषाहार और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने में सहायता मिलती है । इसके लिए आहारविदों को समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषाहार के कार्यान्वयन पर सिविल रजिस्ट्रीकरण योजना के लिए विश्वस्त आंकड़े देखने पड़ेंगे ।

संयुक्त महारजिस्ट्रार (जीवनांक) डा० एस०एस० श्रीवास्तव ने सामाजिक आर्थिक और विकास योजना के संदर्भ में जन्म-मृत्यु सांख्यिकी के महत्व पर बल दिया उन्होंने यह विचार व्यक्त किया कि जनसंख्या विकास से सम्बन्धित छोटे क्षेत्र के आंकड़े प्रस्तुत करने और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण कार्यक्रमों के निर्धारण के लिए केवल सिविल रजिस्ट्रीकरण ही सक्षम है । इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अखिल भारतीय जनअध्ययन सर्वेक्षण, जिला स्तर पर सिविल रजिस्ट्रीकरण की तरह आंकड़े नहीं प्राप्त कर सकता और न ही इस तरह के सर्वेक्षण बार-बार करना सम्भव ही है, उनका यह मत था कि सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली का कोई और विकल्प नहीं है ।

इन परिस्थितियों में सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली को ही सभी स्तरों पर वांछित सक्षमता और विश्वसनीयता प्राप्त करने के लिए सुदृढ़ बनाया जाना चाहिए। डा० श्रीवास्तव ने यह सुझाव दिया कि अन्य उपायों के साथ मुख्य रजिस्ट्रारों के लिए यह जरूरी है कि वे अधिक से अधिक रजिस्ट्रीकरण केन्द्र खोलने की आवश्यकता को महत्व दें ताकि लोग वहां सरलता से पहुंच सकें। नोटिफायर प्रणाली को सशक्त बनाएँ। प्रचार माध्यमों को बढ़ावा दें और रजिस्ट्रीकरण कार्य के प्रभावी पर्यवेक्षण को सुनिश्चित करें। उन्होंने भाग लेने वालों का ध्यान इस ओर भी दिलाया कि संस्थागत घटनाओं पर शत-प्रतिशत ध्यान नहीं दिया जाता इसलिए उन्होंने सुझाव दिया कि नगरीय क्षेत्रों में घटनाओं को रजिस्टर न करने पर दण्डनीय धाराएँ लागू की जाएं। डा० श्रीवास्तव ने अपने भाषण का समापन यह आशा करते हुए किया कि सम्मेलन का आयोजन सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली को कारगर और क्रियाशील बनाएगा।

निम्नलिखित पैराग्राफों में सम्मेलन के आयोजन और सिफारिशों का सारांश दिया गया है :-

1. मृत्यु के कारणों के चिकित्सीय प्रमाणीकरण की योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। सबने यह महसूस किया कि ये आंकड़े स्वास्थ्य योजना के लिए महत्वपूर्ण है और इन्हें पूर्ण तथा विश्वसनीय बनाने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। इस संदर्भ में यह सिफारिश की गई कि :-

(क) सभी शहरी अस्पतालों को इसमें पूर्णतः शामिल किए जाने को कार्य में काफी देर हो गई है और कम से कम एक लाख की आबादी वाले कस्बों/शहरों के सभी अस्पतालों को बिना किसी विलम्ब के इस योजना में शामिल किया जाना चाहिए।

(ख) यह आवश्यक है कि (एक या दो दिन की अवधि के) दुहरे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएं जाएं, एक कार्यक्रम डीन/सहायक डीन और मैडिकल कालेजों के पी०एस०एम० प्रोफेसरों के लिए और दूसरा कार्यक्रम अस्पतालों में कार्यरत

मेडिकल कार्मिकों के लिए । सभी वर्ग के मेडिकल कार्मिकों को शीघ्र शामि करने की जरूरत है । अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरण (जैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन यू०एन०एफ०पी०ए०, यूनिसेफ आदि) ।

(ग) सिविल रजिस्ट्रीकरण और चिकित्सीय प्रमाणीकरण पर एक मापदण्ड एम०बी०बी०एस० पाठ्यक्रमों के इन्टर्नशीप कार्यक्रमों में शामिल किया जान चाहिए ।

(घ) जब यह मान्य हो गया कि अन्य देशों की तरह चिकित्सीय प्रमाणीकरण आंकड़े सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली से आने हैं तो यह योजना मेडिकल कार्मिकों के सक्रिय सहयोग के बिना प्रगति नहीं आ सकती है जिसके लिए भारत के महारजिस्ट्रार के लिए यह आवश्यक है कि इस मामले को स्वास् और परिवार कल्याण केन्द्रीय मंत्रालय के उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाएं ।

2. सम्मेलन में कुछ संदर्भ किसी भी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में रजिस्ट्रीकरण व्यवस के अपेक्षित पदानुक्रम प्रणाली के दिए गए । ये मुद्दे पहले सम्मेलनों में भी आ चुके हैं पूर्ववर्ती उदाहरणों पर अमल करते हुए यह पाया गया कि राज्य सरकारों को पदानुक्रम परिवर्तनों के सांविधिक अधिकार दिए गए थे । यह सिफारिश की गई कि राज्य सरकारें जो कि विभिन्न स्तरों पर अपने विभिन्न मूल संगठनों से रजिस्ट्रीक कार्य विधि में समस्याएं महसूस करती हैं, इस प्रणाली को लागू करने के लिए ठोस प्रस्तावों को तैयार कर सकती हैं और भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय से इसक अनुमोदन प्राप्त कर सकती हैं । राज्य के प्रतिनिधियों ने खासतौर से यह महसूस किया कि ग्रामीण समूहों के साथ काम करने वाले अभिकरणों को रजिस्ट्रीकरण कार्य करना चाहिए था और परीक्षणिक कार्य के लिए पुलिस संगठनों को शामिल नहीं करना चाहिए था । राज्य सरकारों जहां पर ये परिवर्तन अपेक्षित हैं इस प्रणाली के उक्त प्रस्ताव को लागू कर सकती है ।

....../-10

3. यह महसूस किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रजिस्ट्रीकरण में सुधार लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकता है कि नोटिफायर प्रणाली में तेजी लाई जाए। यह सिफारिश की गई की एक ऐसी कार्यविधि लागू की जाए जिससे कि रजिस्ट्रारों को उनके क्षेत्राधिकार में कार्यरत प्रत्येक नोटिफायर के बारे में पूरा पता हो।

4. कुल भागार्थियों ने सी0आर0एस0 आंकड़ों के कम्प्यूटरीकरण के लिए धन की कमी की शिकायत की। विचार-विमर्श के दौरान यह पता चला कि धन की उपलब्धता मुख्य समस्या नहीं थी, जन्म-मृत्यु रिकार्डों का कम्प्यूटरीकरण आमतौरपर राज्यों से प्राप्त स्रोतों या एन0आई0सी0 नेटवर्क की सहायता से किया जाता था। जरूरत इस बात की थी कि पहले कार्य की अपेक्षाओं का आकलन किया जाए और इसके बाद जनशक्ति और उपकरणों की आवश्यकताओं का आकलन किया जाए। इन चरणों को पूरा करने के बाद यह निश्चित करना होगा कि अन्य विभागों या एन0आई0सी0 उपलब्ध कम्प्यूटर सुविधाओं की उपलब्धता का पता लगाया जाए। यदि सुविधा नहीं मिल सके तो राज्य योजना से निधि उपलब्ध कराई जाए।

5. प्रत्येक प्रतिनिधि ने दृढ़ता से यह मत व्यक्त किया कि जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 की तीनों धाराओं को शीघ्र संशोधित किए जाने की आवश्यकता है। जब से, बहुत से मामलों में सहमति रिपोर्ट कराने की अवधि 21 दिन तक बढ़ी है, तब से यह जरूरी हो गया है कि धारा 13(1) में दी गई 30 दिन की समय सीमा को 45 दिन या 60 दिन तक भी बढ़ा दिया जाए। इसी प्रकार धारा 13(1) में दी गई निर्धारित समय सीमा में परिवर्तन के परिणामस्वरूप यह भी आवश्यक हो गया है कि धारा 13(2) में दी गई समय सीमा को एक वर्ष से 3 वर्ष या 5 वर्ष तक भी बढ़ा दिया जाए। अन्ततः यह देखा गया कि बहुत से आवेदक जिस जन्म तिथि और दूसरे रिकार्ड को दीर्घावधि से लिख रहे थे उन तथ्यों को सत्यापन किए बिना एस0डी0एम0 रजिस्ट्रीकरण के आदेश विलम्ब से देने के आदि थे। आम सहमति यह है कि विलम्ब से रजिस्ट्रीकरण की एस0डी0एम0 की शक्तियां। जो कि धारा 13(2) में निर्धारित सीमा से बाहर हैं, केवल मुख्य/मुख्य रजिस्ट्रार या भारत के रजिस्ट्रारों को हैं।

इस विषय पर काफी विचार-विमर्श करने के बाद यह महसूस किया गया कि के अधिनियम में संशोधन करके ही परिवर्तन किए जा सकते हैं । यह भी पाया गय अधिनियम में और भी ऐसे खण्ड है जिनमें कि संशोधन की आवश्यकता है । इस ध्यान में रखते हुए यह सिफारिश की गई कि वे सभी मामले जिनमें कि जन्म-मृ रजिस्ट्रीकरण के विभिन्न खण्डों में परिवर्तन की आवश्यकता हो, उनका विस्तृ रूप से अध्ययन किया जाए और कोई राय बनाने से पहले होने वाले क्षेत्रीय सम्मे में उन पर विचार विनिमय किया जाए ।

6. अधिनियम के संशोधन जिसमें कि काफी समय लग सकता है, होने तक भ के महारजिस्ट्रार मुख्य रजिस्ट्रारों और उनके सम्बन्धित सचिवों को सलाह दे सक हैं कि समस्याओं पर अपने विधि विभागों के साथ चर्चा करें और एस०डी०एम को यह सलाह देने की सम्भावनाओं का पता लगाएं कि तथ्यों का सत्यापन करने के बाद ही अपने निर्णय दे । अपने आदेशों में उसे शामिल करें । यह भी सिफारि की गई कि आवेदक की आयु मैडिकल परीक्षा द्वारा निश्चित की जाए ।

7. बम्बई नगर निगम के प्रतिनिधियों ने गोद लिए बच्चों को प्रमाण पत्र ज करने से सम्बन्धित समस्याओं को रखा । वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार गोद लिए गए बच्चों के अभिभावकों के नाम "नहीं पता" के रूप में दिखाए जाते हैं जिससे कि विभिन्न सामाजिक समस्याएं सामने आती हैं और गोद लिए बच्चों के युवा होने पर उनके वैधानिक स्तर में संदिग्धता आती है । दूसरी ओर गोद लिए गए बच्चों की अभिभावकता परिवर्तित होने के भी उदाहरण है । ऐसे भी मामले हैं जहां पर कि बच्चे व्यक्ति अभिभावकों के स्थान पर संस्थाओं द्वारा गोद लिए जाते हैं । यह मत व्यक्त किया गया कि गोद लिए बच्चों को दिए जाने वाले जन्म प्रमाण पत्र पर अभि-भावकों के नाम से सम्बन्धित सूचना भरने के प्रश्न का अध्ययन किया जाए निगम के प्रतिनिधियों ने यह सिफारिश भी की कि जन्म या मृत्यु प्रमाणपत्र की केव एक ही प्रति जारी की जानी चाहिए चाहे वह विद्यालय छोड़ने या डिग्री प्रमाणपत्र का मामला हो ।

8. कुछ सदस्यों ने विचार व्यक्त किया कि कुछ विवरण बहुत ही बड़े थे और उन्हें कम किया जाए और हो सके तो बन्द ही कर दिया जाएं । 15(क), 15(ख) और 15(ग) फार्मों में बहुत से आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं जिनकी को कोई आवश्यकता नहीं जान पड़ती । वस्तुतः कर्नाटक के मुख्य रजिस्ट्रार ने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय ने अपने तारीख 16 अगस्त, 1988 के पत्राचार सं0 17-3/88-वी0एस0(टी0डी0) द्वारा पहले ही हमें उक्त तीनों फार्मों का प्रयोग न करने की अनुमति दे दी हैं ।

9. इस समय जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 15 के अधीन रजिस्ट्रारों द्वारा जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रारों में प्रविष्टियों को सही करने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नही है । यह वांछनीय है कि इसके कानूनी अड़चनों का अध्ययन करके समय सीमा निर्धारित की जाए ।

10. कुछ प्रतिनिधियों ने यह सिफारिश भी की कि समवर्ती रजिस्ट्रीकरण श्मशान भूमि/कब्रिस्तान में किया जा सकता है ।

11. एक अस्पष्ट संदर्भ यह भी था कि जन्म प्रमाण-पत्र नाम के बिना न दिया जाए । यह सुझाव था कि अभिभावकों को जन्म से पहले ही लड़के या लड़की का नाम निश्चित कर लेना चाहिए ताकि जन्म के तुरन्त बाद पैदा होने वाले बच्चे का नाम निर्धारित हो जाए ।

12. विचार विमर्श के दौरान यह बात ध्यान में लाई गई कि भारत के पूर्व महारजिस्ट्रार ने राज्य, जिला और तहसील स्तरों पर कार्य की देखभाल के लिए मोनीटरिंग और अधीक्षण के जो फार्म आरम्भ किए थे उनसे भ्रान्ति उत्पन्न हुई क्योंकि फार्मों को जो नम्बर दिए गए थे वे 1, 1ए, 2, 2ए और 3 व 3ए थे जो कि वैसे ही थे जोकि राज्य नियमों के अधीन निर्धारित किए गए थे ।

13. यह सिफारिश की गई कि जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के कार्यकरण की वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक सांख्यिकीय रिपोर्ट मुद्रित होनी चाहिए । यह

..../-13

आशा भी की गई कि ये रिपोर्टें राज्य नियमों के अधीन अपनी अपनी सरकारों को प्रस्तुत की जानी थी।

14. यह महसूस किया गया कि रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के सुधार में जिला रजिस्ट्रारों की प्रभावपूर्ण भूमिका होती है। यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि उन्हें काफी उत्तरदायित्व सौंपा जाए। जिला रजिस्ट्रारों को नगरीय और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों से आंकड़े प्राप्त करने चाहिए और इसके लिए उन्हें आंकड़ों के प्रारम्भिक कार्य के लिए सुविधाएं व स्टाफ दिया जाना चाहिए। यद्यपि यह मान लिया गया था कि जिला रजिस्ट्रारों को विवरणों पर कार्यवाही करने की अनुमति दे देने से राज्य स्तर पर रिपोर्ट तैयार करने में देरी होगी, साथ ही जब तक ऐसा नहीं किया जाता तब तक जिला रजिस्ट्रार अपने जिलों की रजिस्ट्रीकरण इकाईयों के कार्य का कारगर ढंग से पर्यवेक्षण और मोनीटरिंग नहीं कर सकेंगे।

3. रजिस्ट्रीकरण संवर्धन उपाय

§1§ राष्ट्रीय स्तर पर

भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय ने सिविल रजिस्ट्रीकरण में लगे उच्च स्तरीय अधिकारियों के लिए 16 से 20 अप्रैल, 1990 तक नई दिल्ली में एक सप्ताह का 25वां प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। बिहार, गोवा, केरल, मिजोरम, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान और पश्चिमी बंगाल राज्यों और दमन और द्वीव संघ राज्यक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले 11 अधिकारियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के भाग के रूप में एक फील्ड विजिट का भी आयोजन किया गया ताकि भागार्थी संघ राज्यक्षेत्र दिल्ली में सिविल रजिस्ट्रेशन की कार्य प्रणाली का अनुभव प्राप्त कर सके।

जन्म एवं मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण की आवश्यकता के बारे में जनता में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय विभिन्न माध्यमों के जरिए व्यापक प्रचार कर रहा है। बाल-हैंगर, बाल-पोस्टर्स, सिनेमा स्लाइड्स, अखबारों में विज्ञापनों, मैगजीन्स, डाक सामग्री पर संदेशों/नारों की छपाई द्वारा, विडियो स्पाट्स के प्रसारण इत्यादि कुछेक माध्यम स्रोत रहे हैं जिनके माध्यम से काफी प्रचार किया गया है। दूरदर्शन के 7 केन्द्रों के जरिए 20 सेकेंड के जन्म एवं मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण सम्बन्धी रं.. विडियो स्पाट के प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है। उक्त विषय पर 15 सैकेंड का स्पाट आकाशवाणी के वाणिज्यिक चैनलों के जरिए भी प्रसारित किया गया है। इसके अलावा सिनेमा घरों के माध्यम से लोगों को "प्रोम्पिट्नेस पेज" नामक फिल्म दिखाई गई है। एक नई फिल्म "उपहार" भी दिखाए जाने के लिए बनाई गई है। इसके अलावा दो विक्कोड "अपनी सुविधा अपने हाथ" और "पते की बात" विभिन्न दूरदर्शन केन्द्रों से प्रसारित की जाने वाली हैं।

§2§ राज्य स्तर पर

बिहार

राज्य स्तर पर आर्थिक जनगणना से सम्बन्धित अधिकारियों का एक ... 1990 में आयोजित किया गया। आर्थिक जनगणना की

कार्यविधि और प्रक्रिया पर विचार-विमर्श करने के साथ-साथ प्रतिभागियों का ध्यान सिविल रजिस्ट्रीकरण पर केन्द्रित किया गया । जिला सांख्यिकीय अधिकारियों को सलाह दी गई कि वे अपने क्षेत्रों में जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण की कवरेज सीमा को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें ।

आर्थिक जनगणना कार्य में संलग्न क्षेत्रीय अधिकारियों की एक राज्य स्तर बैठक 28 मई, 1990 को की गई । इसमें सिविल रजिस्ट्रीकरण मामलों पर चर्चा की गई । जिला सांख्यिकीय अधिकारियों से पुन: अनुरोध किया गया कि वे जन्म और मृत्यु घटनाओं में व्यापक सुधार लाने के लिए सिविल रजिस्ट्रीकरण में विशेष रुचि दिखाएं ।

प्रचार अभियान के अंग के रूप में जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण सम्बन्धी बाल-हैंगर और सिनेमा स्लाइडों को सारे राज्य में विशिष्ट जगहों पर लगाने एवं प्रदर्शित करने के लिए वितरित किया गया ।

हरियाणा

हरियाणा के जन्म और मृत्यु के प्रमुख रजिस्ट्रार ने गुड़गांवा, सोनीपत और करनाल के जिलों में एक दिन का एक विशेष अनुकूलन कार्यक्रम आयोजित किया । इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के स्थानीय रजिस्ट्रारों के ... का स्पष्टीकरण प्रदान करना था । पुलिस अधिकारियों, नगरपालिका सचिवों/ स्थानीय निकायों, रोग विज्ञानी, सांख्यिकी सहायकों और संगणकों ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

उपर्युक्त के अलावा, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, हरियाणा ने जिला रोहतक में और उसके आसपास की चुनिन्दा चयनित सैम्पल इकाईयों में प्रणाली के कार्यान्वयन में लगे अधिकारियों के लिए सैम्पल रजिस्ट्रीकरण पर 23 मई, 1990 को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम में अंशकालीन प्रगणक, संगणक, सुपरवाइजर और सांख्यिकीय सहायकों ने भाग लिया ।

....../-16

हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश में एक अधिसूचना जारी की गई है जिसके द्वारा जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण कराने की निर्धारित समय सीमा को क्रमशः 14 और 7 दिन के स्थान पर दोनों घटनाओं के लिए समरूप अवधि अर्थात् 21 दिन कर दिया गया है । यह परिवर्तन अन्य राज्यों में पहले ही प्रभावी हो चुका है ।

जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण विषय को उन विकासी योजनाओं में शामिल किया गया है जिनका कार्यान्वयन राज्य में जनसंख्या क्रियाकलापों के लिए संयुक्त राष्ट्र निधि के अन्तर्गत किया जाता है । प्रयोग के रूप में सिविल रजिस्ट्रीकरण कार्य बिलासपुर और हमीरपुर के दो जिलों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कवर करेगा ।

कर्नाटक

कर्नाटक के जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार ने राज्य में सिविल रजिस्ट्रीकरण की गुणवत्ता और कवरेज को सुधारने के लिए अनेक कदम उठाए हैं । उनमें से कुछेक उपाय नीचे दर्शाए गए हैं :-

1) सब डिवीजनल एसिस्टेन्ट कमीशनर (राजस्व) और तहसीलदारों को अनुदेश जारी किए गए हैं कि वे जन्म और मृत्यु के रजिस्टरों का नियमित रूप से निरीक्षण करें । स्थानीय रजिस्ट्रारों (ग्रामीण लेखाकारों) को अनुदेश दिए गए है कि वे निरीक्षण कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए अपने मुख्यालय में ही रहें ।

2) जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रजिस्ट्रीकरण में सुधार लाने की दृष्टि से मुख्य रजिस्ट्रार ने जिला परिषदों के उप सचिवों को विशेषतया इसी प्रयोजन के लिए बुलाई गई बैठक को 7 जून, 1990 को सम्बोधित किया । अनुवर्ती कार्यवाही के रूप में जिला परिषद के मुख्य सचिवों से अनुरोध किया गया कि

§I§ नोटिफायर्स §कनिष्ठ स्वास्थ्य सहायक§ को अनुदेश जारी करें कि वे स्थानीय रजिस्ट्रारों §ग्रामीण लेखाकारों§ के आवश्यक सहायता प्रदान करें; §II§ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारियों को अनुदेश दें कि वे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की मासिक बैठकों में प्रत्येक नोटिफायर्स §जूनियर हैल्थ एसिस्टेंट§ के कार्य की समीक्षा करें; और §III§ जिला परिषद की मासिक बैठकों में जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण पर चर्चा/समीक्षा करें ।

3§ जिला रजिस्ट्रारों §उपायुक्तों§ से अनुरोध किया गया है कि वे जन्म और मृत्यु को घटनाओं के रजिस्ट्रीकरण में व्यापक सुधार लाने के विशेष प्रयास करने के लिए अपने अधीनस्थ कार्यकर्त्ताओं को आवश्यक अनुदेश जारी करें ।

4§ 20 जून, 1990 को बंगलौर में हुए जिला सांख्यिकीय अधिकारियों के सम्मेलन में भी इस विषय पर, विशेष रूप से जिला स्तर पर किए जाने वाले प्रचार उपायों के सम्बन्ध में चर्चा की गई । जिला सांख्यिकीय अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे भारत के महारजिस्ट्रार से प्राप्त वाल हैंगरों और हैंडबिल्स, जिनमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जन्म-मृत्यु घटनाओं के रजिस्ट्रीकरण के लिए जनता को आगे आने और जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रेरित करने सम्बन्धी सन्देश दिया गया, के वितरण का आवश्यक प्रबन्ध करें ।

5§ मुख्य रजिस्ट्रार ने उप जिला रजिस्ट्रारों, जिला स्वास्थ्य अधिकारियों और परिवार कल्याण अधिकारियों जैसे वरिष्ठ कार्यकर्त्ताओं के लिए दो दिवसीय अनुकूलन पाठ्यक्रम की रूप-रेखा तैयार की है । पाठ्यक्रम की सामग्री को मुख्य रजिस्ट्रार के कार्यालय द्वारा तैयार किया गया है और प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, मसूरी में 3 और 6 अगस्त, 1990 को प्रशिक्षण दिया गया ।

समीक्षाधीन तिमाही में राज्य में सिविल रजिस्ट्रीकरण में तेजी लाने के लिए अनेक उपाय किए गए । कर्नाटक के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जन्म और मृत्यु की सांख्यिकी के सम्बन्ध में अन्तर विभागीय समन्वय समिति की एक बैठक हुई । यह निर्णय लिया गया कि इसके बाद से राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठकों में सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली की कार्य पद्धति एक विषय वस्तु होगी । जिला रजिस्ट्रार, जन्म व मृत्यु को सलाह दी गई है कि वे इन मासिक बैठकों में सिविल रजिस्ट्रीकरण की समीक्षा "तालुका स्तर पर" करें । जिला सांख्यिकीय अधिकारी जो जन्म और मृत्यु के अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार भी है को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए है कि वे उपायुक्त द्वारा बुलाई जाने वाली राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठकों में भाग लें । जिन गांवों के पिछले महीनों में सिविल रजिस्ट्रीकरण पर शून्य रिपोर्ट भेजी है उनकी तालुका वार सूची पर इन बैठकों में अन्य मदों के साथ समालोचना की जाएगी । इन बैठकों में पिछले 3 महीनों के लिए जन्म और मृत्यु की घटनाओं की अनुमानित संख्या के संदर्भ में रजिस्ट्रीकरण जन्म और मृत्यु घटनाओं के प्रतिशत की भी समीक्षा की जाएगी । कर्नाटक के जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार ने प्रस्ताव रखा कि उपायुक्त, जिला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण अधिकारी, जिला सर्जन और निगम आयुक्तों जैसे वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए मई-जून, 1990 के दौरान किसी समय एक विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित किया जाए । सभी राजस्व प्रभागों के अधिकारी इस कार्यक्रम में आएंगे ।

केरल

राज्य में सिविल रजिस्ट्रीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के लिए 21 फरवरी, 1990 को एक अन्तर विभागीय समिति [आई०डी०सी०] की बैठक बुलाई गई । अन्य बातों के साथ-साथ समिति ने निर्णय लिया कि स्कूल में प्रथम दाखिले के समय जन्म प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की योजना शुरू की जाए । इससे यह आशा की जाती है कि यह जन्म की घटनाओं का 100% रजिस्ट्रीकरण करने में सहायक होगी ।

केरल के जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रारों और नगर पालिका और नगर निगम के रजिस्ट्रारों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 मार्च, 1990 को कालीकट में, 9 मार्च, 1990 को एर्नाकुलम में और 15 मार्च, 1990 को तिरुवनन्तपुर में हुआ । भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय में उप महारजिस्ट्रार, डा० ओ०पी० शर्मा और उप निदेशक, जनगणना कार्य, श्री के०के० रस्तोगी ने जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 और केरल में सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के सम्बन्ध में प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया ।

मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश के जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार ने वर्ष 1988 के लिए जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 की कार्य साधकता सम्बन्धी वार्षिक रिपोर्ट को अन्तिम रूप प्रदान किया । अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुरूप रिपोर्ट को मध्य प्रदेश सरकार को प्रस्तुत कर दिया गया है ।

महाराष्ट्र

महाराष्ट्र के जन्म एवं मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार ने 5 आदिवासी जिलों में जन्म और मृत्यु की घटनाओं के रजिस्ट्रीकरण में सुधार के अध्ययन के लिए जून, 1990 में एक विशेष परियोजना शुरू की । इस परियोजना के अन्तर्गत 148 चुनिन्दा आदिवासी क्षेत्रों में जन्म और मृत्यु की घटनाओं की 100% रिपोर्ट और रिकार्ड करने को सुनिश्चित करने के लिए निगरानी की गई । स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को [illegible] कार्य की देखभाल करने और मासिक विवरण प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी बनाया गया ।

महाराष्ट्र के मुख्य रजिस्ट्रार ने भी मार्च, 1990 के तीसरे सप्ताह में की ट्रेनीज के लिए तीन दिन की एक कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया । की-ट्रेनीज को सिविल रजिस्ट्रीकरण प्रणाली, मृत्यु के कारणों का सर्वेक्षण और मृत्यु

के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणीकरण के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया । कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पब्लिक हैल्थ इन्स्टीट्यूट नागपुर में किया गया ।

जनवरी-जुलाई, 1990 में महाराष्ट्र में जन्म और मृत्यु से सम्बन्धित वृत्त फिल्मों के शो द्वारा प्रचार अभियान किया गया । इस प्रचार अभियान के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने की दृष्टि से मई-जून, 1990 में 348 फिल्मस शो के आयोजन द्वारा विशेष ध्यान दिया गया । जनवरी, 1990 में कुल 1364 शो दिखाए गए ।

मणिपुर

मणिपुर के जन्म एवं मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार ने सामान्य जनता के अन्दर व्यापक प्रचार के लिए विभिन्न अभिकरणों में जन्म और मृत्यु की घटनाओं के संदेश को सम्प्रेषित करने वाले मणिपुरी वाल हैंगिंग का वितरण किया । इन पोस्टरों को राज्य में प्रचार के लिए भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा उपलब्ध कराया गया था ।

मिज़ोरम

जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण सम्बन्धी अल्पावधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मिज़ोरम के जन्म एवं मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार द्वारा चवांगटे में 24 व 25 जनवरी, 1990 को किया गया । मिज़ोरम के चकना जिला परिषद क्षेत्र के जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रारों ने इस में भाग लिया ।

पंजाब

पंजाब के जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार ने 27 मार्च, 1990 को जन्म और मृत्यु सम्बन्धी राज्य की विशेषज्ञ समिति की बैठक बुलाई । प्रतिभागियों ने स्थानीय निकायों के निदेशक, पुलिस के महानिदेशक, निदेशक, पंचायत एवं सामुदायिक विकास और शिक्षा निदेशक, (प्राथमिक विद्यालय) के कार्यालयों का प्रतिनिधित्व किया ।

जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण के मामले को स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा विभागीय पत्रिका "सेहत" के जून, 1990 के अंक में प्रकाशित किया गया । इस अंक को जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण के विशेषांक के रूप में निकाला गया ।

मुख्य रजिस्ट्रार ने भी रोपड़ और पटियाला जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें स्थानीय रजिस्ट्रारों, चिकित्सा अधिकारियों और अन्य सिविल रजिस्ट्रीकरण कार्यकर्त्ताओं ने बैठक में भाग लिया । प्रशिक्षण जन्म और मृत्यु के अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार और सांख्यिकीय अधिकारी (जीवनांक) द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ।

राजस्थान

जन्म और मृत्यु के मुख्य रजिस्ट्रार ने भरतपुर, बांसवाड़ा, झालावाड़, जैसलमेर, जयपुर, कोटा और चितौड़गढ़ जिलों के सिविल रजिस्ट्रीकरण कार्यकर्त्ताओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । कोटा और जैसलमेर जिलों के कार्यकर्त्ताओं के लिए उप-मुख्य रजिस्ट्रार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जबकि जिला रजिस्ट्रारों ने अपने सम्बन्धित जिलों में प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया । जिला मुख्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

भारत के महारजिस्ट्रार से प्राप्त पोस्टर, सिनेमा स्लाइड्स और जन्म और मृत्यु सम्बन्धी फिल्मों के वितरण के माध्यम से राजस्थान में प्रचार उपायों को व्यापक रूप दिया गया ।

तमिलनाडु

श्रीमती यास्मीन अहम्मद, भारतीय प्रशासनिक सेवा, सचिव, स्वास्थ्य विभाग तमिलनाडु सरकार की अध्यक्षता में 26 जून, 1990 को तमिलनाडु में जन्म और मृत्यु सम्बन्धी अन्तर विभागीय समन्वय समिति की बैठक हुई । निदेशक, स्वास्थ्य सेवा, महानिरीक्षक, रजिस्ट्रीकरण, निदेशक, टाउन पंचायत, निदेशक नगरपालिका प्रशासन, संयुक्त आयुक्त (एस० एण्ड आर०) ग्रामीण प्रशासन,

संयुक्त निदेशक, प्राथमिक शिक्षा; सहायक निदेशक, [illegible] शिक्षा; विशेष [illegible] [illegible] [illegible], सरकारी प्रेस; उप निदेशक [सांख्यिकी] और सांख्यिकीय सहायक निदेशक ने इसमें भाग लिया । जन्म और मृत्यु सम्बन्धी मासिक विवरणों, [illegible] दक्षता, मृत्यु के कारण का चिकित्सीय प्रमाणीकरण और जन्म और मृत्यु सम्बन्धी आंकड़ों का [illegible] करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

दिल्ली

मुख्य रजिस्ट्रार, जन्म और मृत्यु ने दिल्ली में जन्म/मृत्यु [illegible] जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है । जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 17 के अधीन जारी किए जाने वाले फार्म 9क/10क में जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र लेने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन पत्र पर लगाई जाने वाली रु० 40 की कोर्ट फीस स्टाम्प की मौजूदा प्रक्रिया को 17 जुलाई, 1990 से समाप्त कर दिया गया । मुख्य रजिस्ट्रार ने भी अनुदेश जारी किए है कि इसके उपरान्त जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन सादे कागज पर स्वीकार किए जाए । परन्तु इस प्रयोजन के लिए फार्मों की सप्लाई बिना मूल्य के रजिस्ट्रीकरण के महत्वपूर्ण स्थानों पर की जाती रहेगी । मुख्य रजिस्ट्रार ने यह भी निर्णय लिया है कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की घरेलू घटनाओं के मामले में जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 12 के अधीन फार्म संख्या 9 या 10 में, जैसा भी मामला हो जारी किया जाने वाला प्रमाण पत्र निःशुल्क दिया जाए जैसा कि इस समय किया जाता है और इसे बिना किसी आवेदन पत्र के दिया जाए । आगे यह भी निर्णय लिया गया कि आवेदन द्वारा मांग किए जाने पर इस प्रमाण पत्र की एक और प्रति भी जारी की जाए ।

पहले संस्थागत घटनाओं के मामले में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र फार्म संख्या 9 या 10 में नहीं दिए जाते थे । अब यह निर्णय लिया गया है कि संस्थागत घटनाओं के मामलों में भी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, फार्म मांगने पर फार्म संख्या 9 या 10, जैसा भी मामला हो पर आवेदन करने पर जारी किया जाए । इस सम्बन्ध में भी यह

विवरण-2 : जन्म और मृत्यु के अनुमानित वार्षिक आंकड़े - 1988

(ये दरें लगातार जन्म से०र०प०के आंकड़ों और द्वारा चैक सर्वेक्षण पर आधारित हैं)

प्रति दस लाख

क्र०सं०	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	क्षेत्र	जन्म दर	मृत्यु दर
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश	योग	27.4	10.2
		ग्रामीण	27.6	10.9
		नगरीय	26.3	7.4
2.	अरूणाचल प्रदेश	योग	40.0	17.2
		ग्रामीण	40.9	18.4
		नगरीय	30.3	6.0
3.	असम	योग	32.9	11.8
		ग्रामीण	33.6	12.1
		नगरीय	24.6	7.9
4.	बिहार	योग	37.3	12.6
		ग्रामीण	38.1	13.0
		नगरीय	30.4	8.1
5.	गोवा	योग	17.7	7.9
		ग्रामीण	17.9	8.5
		नगरीय	17.4	6.8
6.	गुजरात	योग	29.5	11.0
		ग्रामीण	30.1	11.8
		नगरीय	28.1	9.2
7.	हरियाणा	योग	33.8	9.8
		ग्रामीण	35.0	10.4
		नगरीय	29.9	7.6
8.	हिमाचल प्रदेश	योग	32.2	9.6
		ग्रामीण	32.9	9.9
		नगरीय	22.8	5.9

व्यवस्था की गई है कि मांग करने पर प्रमाणपत्र की दो और प्रति जारी की जाए। अनुदेश जारी किए गए हैं कि फार्म के अन्तिम भाग के नीचे मुख्य/स्थायी का आवासीय पता दर्शाया जाए।

मुख्य रजिस्ट्रार, जन्म और मृत्यु, संघ राज्यक्षेत्र दिल्ली ने जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में लोगों को अवगत कराने के लिए विशेष कदम उठाए जाने के सम्बन्ध में पहल की। 90 साइनबोर्ड प्रदर्शित किए गए जिनमें संस्थागत घटनाओं के लिए जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र की उपलब्धि के स्थान दर्शाए गए थे। अब तक इन बोर्डों को संघ क्षेत्र में स्थित 47 प्रमुख हस्पतालों में लगाया जा चुका है। इसके अलावा 10 साइनबोर्डों को श्मशान घाटों पर पब्लिक के दिग्दर्शन हेतु तैयार कराया गया। ऐसे बोर्डों को 10 श्मशान घाटों पर जहां रजिस्ट्रीकरण की सुविधाएं उपलब्ध नहीं है प्रदर्शित किया जाएगा।

मुख्य रजिस्ट्रार ने 64 सिनेमा हालों को 15 दिन तक प्रत्येक शो में दिखाने के लिए सिनेमा स्लाइड्स वितरित की हैं जिनमें जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण को विधि अनिवार्यता के रूप में उल्लेखित किया गया है।

4. आंकड़े एक दृष्टि में

विवरण-1 : स्त्री/पुरुष के अनुसार भारत और बड़े राज्यों में जन्म की सम्भावनाएं, 1981-85

राज्य	पुरुष	स्त्री	व्यक्ति
1	2	3	4
भारत	55.4	55.7	55.4
आन्ध्र प्रदेश	57.2	59.8	58.4
असम	52.0	51.9	51.9
बिहार	54.2	51.5	52.8
गुजरात	55.5	59.3	57.6
हरियापा	61.5	59.0	60.3
हिमाचल प्रदेश	58.5	62.9	60.4
जम्मू और कश्मीर	60.2	60.7	60.4
कर्नाटक	59.7	62.0	60.6
केरल	65.4	71.5	68.4
मध्य प्रदेश	51.5	51.9	51.6
महाराष्ट्र	59.6	62.1	60.6
उड़ीसा	53.1	53.0	53.0
पंजाब	62.6	63.6	63.1
राजस्थान	53.3	53.8	53.5
तमिलनाडु	56.5	57.4	56.9
उत्तर प्रदेश	51.4	48.5	50.0
पश्चिम बंगाल	56.8	58.0	57.4

स्रोत : नमूना रजिस्ट्रेशन प्रणाली ।

1	2	3	4	5
9.	जम्मू और कश्मीर	योग	33.1	8.4
		ग्रामीण	35.5	9.1
		नगरीय	24.0	6.0
10.	कर्नाटक	योग	28.7	8.8
		ग्रामीण	30.1	9.5
		नगरीय	24.9	7.0
11.	केरल	योग	20.3	6.4
		ग्रामीण	20.0	6.3
		नगरीय	21.4	6.7
12.	मध्य प्रदेश	योग	37.0	14.3
		ग्रामीण	38.4	15.4
		नगरीय	31.2	9.8
